सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–4

राज्यपाल ने सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 24 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि श्री वाजपेयी जी का जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्र सेवा का अप्रतिम उदाहरण है। वे एक प्रखर वक्ता, दूरदर्शी नेता और कुशल प्रशासक थे, जिनका राजनीतिक जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

राज्यपाल ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सुशासन किसी भी देश के विकास की आधारशिला है और यह सरकार की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करता है।

राज्यपाल ने सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं और नागरिकों से आग्रह किया कि वे श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लें तथा सुशासन की दिशा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि सुशासन के माध्यम से हम समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

............0............